अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक / प्रधानाचार्य,
(संलग्न सूची के अनुसार) ,
राजकीय, अनुदानित, पी. पी. पी. एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/परिषद/2025/ 10893 **लखनऊः दिनांकः** 18-02-2025

विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु त्रुटिपूर्ण आवेदन करने वाली संस्थाओं के त्रुटिपूर्ण अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/परिषद/2025/10803, दिनांकः 11-02-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपको अवगत कराया गया था की पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2. उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं० आई-853265/ 2025/64-2010(099)/1/2024, दिनांक : 16.01.2025 के माध्यम से वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर कक्षाओं में (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अध्ययनरत् उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) व अन्य कार्यों हेतु योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु संशोधित (तृतीय चरण) समय सारिणी निर्गत की गई है एवं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर दिनांक 10.02.2025 को प्रदर्शित संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर अग्रसारित छात्र संख्या तथा परिषदीय अभिलेखों/अनुमोदित सीटों के सापेक्ष सम्बंधित शिक्षण संस्थान द्वारा अग्रसारित छात्र संख्या तथा बी.टी.ई. एनरोलमेंट डाटा में भिन्नता प्रदर्शित हो रही है, जिस कारणवश परिषद कार्यालय द्वारा उक्त संस्थाओं का **त्रुटिपूर्ण** अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

उक्त के अनुक्रम मे संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक को परिषद कार्यालय के उक्त पत्र के द्वारा निर्देशित किया गया था की वह निर्धारित अभिलेखों के साथ दिनांकः 15.02.2025 की अपराह्न 02:00 बजे तक परिषद कार्यालय में प्रत्येक दशा में उपस्थित होकर अपनी संस्था के अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक कराना सुनिश्चित करें, परन्तु **संलग्न सूची** की कतिपय संस्थाओं द्वारा उपरोक्त कार्य नहीं कराया गया है।

अतः **संलग्न सूची** की संस्थाओं को पुनः एवं अंतिम बार यह निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी समस्त अभिलेखों (यथा समस्त वर्षो के सम्बद्धता विस्तार/ सम्बद्धता पत्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी पोर्टल पर संस्था द्वारा लॉक किये गये मास्टर डाटा की छायाप्रति जिसमें संस्था का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो, छात्रों का बी.टी.ई. एनरोलमेंट डाटा कि सत्यापित प्रति) के साथ **दिनांकः 19.02.2025 की अपराह्न 03:00 बजे** तक परिषद कार्यालय में प्रत्येक दशा में उपस्थित होकर अपनी संस्था के अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत दिनांक एवं समय तक आप द्वारा परिषद कार्यालय में उपस्थित होकर उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो, आपके संस्था का अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक नहीं किया जा सकेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था निदेशक/प्रधानाचार्य का होगा।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/परिषद/2025/ 10894-896 **तददिनांकः** 18-02-2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग- 3, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ० प्र० लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र परिषद कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

SR. NO.	COLLEGE NAME
1	AMARAVATI INSTITUTE OF PHARMACY,VARANASI
2	DR RAJESH POLYTECHNIC INSTITUTE AKAVASPATTI BHITARI GHAZIPUR
3	DR SHIV SAGAR LAL COLLEGE OF PHARMACY, UNNAO
4	GAUTAM BUDDH COLLEGE OF PHARMACY AONLA BAREILLY
5	GOVERNMENT POLYTECHNIC, SANDILA, HARDOI (PPP MODE)
6	IBNE SEENA PHARMACY COLLEGE,SHAHABAD-241124
7	INDU COLLGE OF MEDICAL SCIENCES MUSTAFABAD ROAD SHIKOHABAD
8	KASHI INSTITUTE OF TECHNOLOGY,VARANASI
9	KRISHNA INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, GHAZIABAD - 201206
10	MAHARAJA AGRASEN COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, J.P.NAGAR
11	R A S COLLEGE OF PHARMACY SEHMALPUR JAUNPUR
12	R S MEMORIAL COLLEGE OF PHARMACY LALMANPUR ALAPUR AMBEDKAR NAGAR
13	R.B.S.DEGRRE COLLEGE MADAURA MAHAVAN MATHURA
14	RAMYASH COLLEGE OF PHARMACY
15	RM COLLEGE OF PHARMACY
16	S D R COLLEGE OF PHARMACY CHANDAULI
17	S G COLLEGE OF PHARMACY
18	SHIVALIK MAHAVAVIDYALAYA COLLEGE OF PHARMACY , SHRAVASTI
19	SHRI SATYAPAL SINGH MEMORIAL PHARMACYCOLLEGE
20	SHYAMRAJ NURSING AND PHARMACY COLLEGE, SONBHADRA
21	SRI GOVRADHAN MAHA VIDHYALAYA PUSHPA NAGAR KISHNI
22	WORLD GREEN NURSING COLLEGE AHIRAULI SAIDPUR GHAZIPUR